| शेयर बाजार | संसेक्स | भारत | निफ्टी | सोना | स्टैंडर्ड (24 कैरेट) आरटीजीएस सहित | सोना (एमसीएक्स) | चांदी | चांदी (999) आरटीजीएस सहित | चांदी (एमसीएक्स) | बिटकॉइन | इथर | बिनेंस | डॉलर | यूरो | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 67,467 (+245.86) | | 20,070 (+76.80) | | ₹60,300 (प्रति 10 ग्राम)(-300) | ₹58,642 (प्रति 10 ग्राम) (+16) | | ₹72,950 (प्रति किग्रा)(-350) | ₹71,578 (प्रति किग्रा) (-356) | $26,170 (+0.49) | $1,602 (-0.30%) | $211.8 (-0.28%) | ₹82.99 (प्रति 1 डॉलर) | ₹89.09 (प्रति यूरो) | ₹108.66 (प्रति लीटर) | ₹93.94 |

**मुश्किल में गूगल:** अमरीका में कंपनी पर दर्ज हुआ मुकदमा, गूगल पर शक्तियों का दुरुपयोग कर प्रतिद्वंद्वी कंपनियों को प्रतिस्पर्द्धा से बाहर करने का आरोप...

# 'गूगल क्रोम को डिफॉल्ट सर्च इंजन बनाने को खर्च किए 10 अरब डॉलर'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**न्यूयॉर्क.** अमरीका में गूगल पर अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर प्रतिस्पर्धी कंपनियों को खत्म करने का मुकदमा चल रहा है। देश के न्याय विभाग और 8 राज्यों ने गूगल के खिलाफ मुकदमा दायर कर कहा है कि सर्च इंजन और ऑनलाइन विज्ञापन बाजार में गूगल अपनी मोनोपोली कायम रखने को सालाना 10 अरब डॉलर यानी 83,000 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। गूगल पर आरोप है कि वह अपने प्रतिस्पर्धियों को बाहर करने के लिए अपने प्रभुत्व का गलत इस्तेमाल किया।



90 फीसदी

**हिस्सेदारी** गूगल के एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम की भारत के स्मार्टफोन बाजार में

**₹1,337 करोड़** का जुर्माना भारत में लगा है गूगल पर, एंटीट्रस्ट कानून उल्लंघन में

पत्रिका एक्सप्लेन

### क्या हैं गूगल पर आरोप?

**गूगल** पर एपल और अन्य स्मार्टफोन निर्माता के साथ किए गए सौदे में आरोप है कि उसने कंपनियों को सालाना 10 अरब देकर यह सुनिश्चित किया है कि फोन पर गूगल सर्च इंजन डिफॉल्ट स्टेटस में रहे। इससे गूगल सर्च कारोबार में शानदार ग्रोथ हुआ।

### क्या है कंपनी का जवाब?

**गूगल** का कहना है कि उसने लगातार यह सुनिश्चित किया है कि उसकी सेवा यूजर के लिए उपयोगी हो और सभी के लिए मुफ्त हो। कंपनी ने कहा कि उसकी ओर से किए गए सभी सौदे कानूनी रूप से वैध है और कंपनियों की मदद करते हैं।

### कब तक आएगा फैसला?

**अगले 10 हफ्ते** तक अमरीकी सरकार के वकील यह साबित करने की कोशिश करेंगे कि गूगल ने हेराफेरी की। अमरीकी जिला न्यायाधीश अमित मेहता अगले साल की शुरुआत तक फैसला नहीं सुनाएंगे। यदि गूगल दोषी पाया जाता है तो एक अन्य ट्रायल में निर्णय होगा कि कंपनी पर क्या कार्रवाई की जाए।

### गूगल कैसे खत्म करता है अपना कॉम्पिटिशन?

1 यदि कोई स्मार्टफोन निर्माता एंड्रॉयड या किसी अन्य ऐप के लिए गूगल से लाइसेंस प्राप्त करना चाहता है, तो उन्हें कई अनुबंध करने होते हैं, जिसमें ***गूगल अपनी मनमानी करता है और ऐप को प्री-इन्सटॉल करने के लिए स्मार्टफोन कंपनियों को पैसे देता है।***

2 मोबाइल ऐप वितरण अनुबंध में गूगल क्रोम को डिफॉल्ट सर्च इंजन रखने का करार करता है और अपने ऐप्स की बंडलिंग कराता है। यानी ***भले फोन निर्माता को गूगल के केवल एक ऐप की जरूरत हो, समझौतों के आधार पर निर्माता को गूगल के सभी ऐप लेने होंगे।***

3 फोन में गूगल मैप, क्रोम ब्राउजर और यूट्यूब जैसे प्री-इस्टॉल्ड ऐप होते थे, जिसे हटा नहीं सकते थे, क्योंकि गूगल मोबाइल कंपनियों को इसी शर्त पर एंड्रॉयड दे रहा था। ***अब कंपनी ने यह नियम बदला है।***

***गूगल को कैसे होता है फायदा:*** गूगल इन ऐप से यूजर्स का डेटा जुटा लेता है और जिससे विज्ञापन दिखाने में मदद मिलती है। ऑनलाइन विज्ञापन से गूगल को 2022 में 73% यानी 162 अरब का राजस्वा मिला।

**पर्सनल फाइनेंस @ पत्रिका**

पोर्टफोलियो का रिव्यू-रिबैलेंसिंग ***हर 05 साल में करना जरूरी...***

# निवेश के लिए ऐसे चुनें सही म्यूचुअल फंड

*नई दिल्ली @ पत्रिका. निवेशक म्यूचुअल फंड में छोटी-छोटी राशि निवेश कर लॉन्ग टर्म में बड़ा फंड जुटा सकते हैं। निवेश करने से पहले इससे जुड़े सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करें। निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो के विभिन्न एसेट क्लास का रिव्यू और रिबैलेंसिंग हर 5 साल में करना चाहिए, क्योंकि 5 साल में व्यक्ति की जरूरतें, परिस्थितियां और लक्ष्य बदल जाते हैं। निवेशक चाहे तो 5 साल की अवधि के दौरान नुकसान वाले पोर्टफोलियो को बेच सकते हैं। हालांकि अच्छे रिटर्न के लिए म्यूचुअल फंड यूनिट्स को लंबी अवधि के लिए खरीदना और उसे होल्ड करना बेहतर रहता है।*



**राधिका गुप्ता,** सीईओ, एडलवाइस म्यूचुअल फंड

### इन बातों का रखें ध्यान

- ***फंड हाउस का चयन:*** निवेश के लिए म्यूचुअल फंड कंपनी चुनने और निवेश पर अच्छा रिटर्न प्राप्त करने के लिए का चयन का पहला पैमाना फंड मैनेज करने वाली टीम की क्षमता है। प्रत्येक फंड हाउस के पास विशेषज्ञता का अपना दायरा है जैसे कोई मिडकैप तो कोई वैल्यू या ग्रोथ स्टॉक का एक्सपर्ट है। अपनी जरूरत और वित्तीय लक्ष्य के हिसाब से फंड हाउस का चयन करें।
- ***स्टार रेटिंग:*** स्कीम का स्टार रेटिंग कोई मायने नहीं रखता है। मैं लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले फंड्स को शॉर्टलिस्ट करती हूं और उनमें से अपनी पसंदीदा फंड का चुनाव करती हूं, जो फंड निरंतर बेहतर रिटर्न दे रहे हों।
- ***फंड हाउस साइज:*** म्यूचुअल फंड कंपनी कितनी बड़ी है, यह मायने नहीं रखता, बल्कि म्यूचुअल फंड स्कीम का साइज मायने रखता है। कई बड़े फंड हाउस कम रिटर्न और छोटे फंड हाउस अधिक रिटर्न जनरेट कर रहे हैं। स्मॉल कैप में ऐसे स्कीम्स से बचना चाहिए, जिसका साइज बहुत बढ़ गया है। इनमें नुकसान होने का अधिक जोखिम रहता है।
- ***एसआइपी:*** बाजार में गिरावट आने पर एसआइपी रोके नहीं, बल्कि निवेश राशि और बढ़ा दें। इससे अधिक म्यूचुअल फंड यूनिट मिल जाएंगे। निवेशकों को आय बढ़ने के साथ एसआइपी राशि भी बढ़ानी चाहिए।
- ***डायवर्सिफिकेशन:*** किसी एक म्यूचुअल फंड हाउस के एक से अधिक स्कीम में निवेश नहीं करें। पोर्टफोलियो में 5 से 6 म्यूचुअल फंड होना चाहिए।
- ***इक्विटी एक्सपोजर:*** बच्चों की पढ़ाई-शादी, मकान खरीदना और रिटायरमेंट प्लानिंग जैसे वित्तीय लक्ष्यों को ध्यान में रखकर निवेशकों को अपनी उम्र के आधार पर इक्विटी में निवेश करना चाहिए। शॉर्ट टर्म जरूरतों के लिए इक्विटी में निवेश से बचें और डेट में निवेश करें। लॉन्ग टर्म के लिए 60% राशि इक्विटी फंड्स में निवेश करें।

## टीटीके प्रेस्टीज ने दर्ज कराया मामला, नकली इलेक्ट्रिक केटल बेचने वालों पर कार्रवाई

**सुमेरपुर(यूपी).** रसोई उपकरणों की अग्रणी निर्माता टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड ने नकली इलेक्ट्रिक केटल बेचने के लिए ओम इलेक्ट्रिकल्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। हमीरपुर के सुमेरपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज इस शिकायत में टीटीके प्रेस्टीज ने कहा कि ओम इलेक्ट्रिकल्स उनके ब्रैंड नेम की नकली केटल्स कई महीनों से बेच रहा है। कार्रवाई में सुमेरपुर के आसपास के कई इलाकों से यह नकली इलेक्ट्रिक केटल बरामद की गई है। इन दुकानदारों के खिलाफ भी आईपीसी की धारा 420 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। टीटीके प्रेस्टीज के प्रवक्ता ने बताया कि उपभोक्ताओं को केवल विश्वसनीय प्लेटफार्मों, अधिकृत डीलरों या किसी आधिकारिक प्रेस्टीज एक्सक्लूसिव स्टोर से ही केटल खरीदनी चाहिए। इस मामले से कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है।

## राजेश टोयोटा की नई सर्विस लॉन्च

**जयपुर@पत्रिका.** राजेश टोयोटा ने ग्राहकों के लिए टोयोटा एसयूवी हाइलेक्स कार को अत्याधुनिक उपकरण के साथ एक वर्कशॉप के रूप में डिजाइन किया है। इसे बुधवार को राजेश टोयोटा के एमडी शार्विक शाह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार के माध्यम से जयपुर शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में टोयोटा की गाड़ियों की संपूर्ण सर्विस, धुलाई, व्हील बैलेंसिंग एसी गैस रिफिलंग कुशल टेक्निशियन के साथ रिपेयर की जाएगी।



**बीआईएस करेगा कार्यशालाओं का आयोजन**

## भारतीय मानकों की अनुपालना जरूरी

**जयपुर@पत्रिका.** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने जमीनी स्तर पर जागरुकता पैदा करने और भारतीय मानकों के अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए एक मिशन शुरू किया है। इसके तहत बीआईएस ने देशभर में ग्राम पंचायत अध्यक्षों और सचिवों के बीच सुगमता के लिए एक विस्तृत पहल की है। इसके तहत भारतीय मानकों के अनुपालन के महत्व की समझ पैदा करना है। ग्राम पंचायतों के अध्यक्षों और सचिवों के लिए ये प्रशिक्षण कार्यक्रम बीआईएस के 38 शाखा कार्यालयों के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के माध्यम से ब्लॉक और जिला स्तर पर आयोजित करने की योजना है।

**त्योहारी सीजन में गिग वर्कर्स की बढ़ी मांग:** आइटी-टेक सेक्टर में भी 44% बढ़ेंगी नियुक्तियां

# दिवाली तक 8 लाख गिग वर्कर्स को मिलेगी नौकरी

## 75 फीसदी बढ़ेगी हायरिंग!



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** इस त्योहारी सीजन ऑटोमोबाइल से लेकर रिटेल और ई-कॉमर्स सेक्टर को बिक्री में 20% से 25% तेजी आने की उम्मीद है। यही वजह है कि त्योहारों से पहले ही गिग वर्कर्स की मांग बढ़ गई है। दिवाली तक देश में 7 लाख से अधिक गिग वर्कर्स की हायरिंग होने की उम्मीद है, जबकि पिछले साल 4 लाख गिग कर्मचारियों की हायरिंग हुई थी। यानी हायरिंग 75% बढ़ेगी।

डिलीवरी से लेकर लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग क्षेत्र में इस साल नौकरियां 15% से लेकर 40% तक बढ़ने की उम्मीद है। कंपनियां अच्छे वेतन के साथ कर्मचारियों को इस साल 4 से 5 गुना इंसेंटिव देने की भी तैयारी कर रही हैं। पार्ट-टाइम, अस्थायी और गिग कर्मचारियों को मिलाकर त्योहारों में 8 लाख लोगों को नौकरी मिलेगी, जिसमें अबतक करीब 23% नियुक्तियां हो गई हैं।


**07 लाख** अस्थायी नौकरियां पैदा होने की उम्मीद इस त्योहारी सीजन, ***2022 में 04 लाख लोगों को मिली थी***

### इन कंपनियों में मिलेगी नौकरी

**फ्लिपकार्ट** एक लाख लोगों को डिलीवरी से लेकर सप्लाई चेन क्षेत्र में नियुक्त करने की योजना बना रही है। डिलीवरी सेगमेंट में लोगों की जरूरत 40% बढ़ी हैं। ईकॉम एक्सप्रेस 40,000 अतिरिक्त कर्मचारियों को हायर करने की योजना बना रही है, जिनमें से ज्यादातर कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी होंगे। वहीम आईथिंक लॉजिस्टिक्स का कहना है कि गिग कर्मियों की मांग में 40% की वृद्धि होगी।

**15%** बढ़ी लॉजिस्टिक्स व वेयरहाउसिंग में श्रमिकों की मांग, ***वहीं डिलीवरी सेगमेंट में मांग 40% बढ़ी***

**64,000** लोगों को नौकरी दी 2023 में ब्रांडेड रिटेल कंपनियों ने, ***वर्ष 2022 के मुकाबले 73% अधिक हायरिंग***





**कंपनियां** अस्थायी कर्मचारियों को काम पर रखना चाहती हैं, ***20% कंपनियां गिग श्रमिकों को नियुक्त करेंगी***

### आइटी सेक्टर में बढ़ेगी नियुक्तियां

**दिसंबर** तिमाही तक आइटी-टेक सेक्टर में लोगों को बंपर नौकरियां मिलने की उम्मीद है। मैनपावरग्रुप एंप्लॉयमेंट आउटलुक सर्वे के मुताबिक, आइटी कंपनियों में हायरिंग 44% बढ़ने का अनुमान है। वहीं नौकरी डॉटकॉम के अनुसार आइटी, इंश्योरेंस ऑटोमोटिव, हेल्थकेयर में व्हाइट-कॉलर जॉब्स पिछले साल की तुलना में अगस्त 2023 में 6% घटी है।

**जॉब पोर्टल इनडीड** की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर तिमाही में कंपनियों की नियुक्ति गतिविधियों में 18% की वृद्धि का अनुमान है।

## सोने-चांदी में गिरावट

SKJ Jewellers VAISHALI NAGAR 0141-4005001 VIDHYADHAR NAGAR 0141-2820777

**जयपुर.** स्थानीय सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना स्टैंडर्ड 300 रुपए गिरकर 60300 रुपए प्रति दस ग्राम रहा। चांदी हाजिर भी 350 रुपए लुढककर 72950 रुपए प्रति किलो ग्राम रही। उधर जेवराती सोना 300 रुपए टूटकर 56900 रुपए प्रति दस ग्राम बोला गया।

## टेस्ला भारत से खरीदेगी ऑटो पार्ट्स

**नई दिल्ली.** अमरीकी कंपनी टेस्ला इस साल भारत से 1.9 अरब डॉलर के ऑटो पार्ट्स खरीदने की तैयारी में है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने वाहन कलपुर्जे विनिर्माताओं के संगठन के वार्षिक सम्मेलन में बुधवार को कहा कि टेस्ला की तरह अन्य इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों की तरफ से भी मांग बढ़ने वाली है जिससे इस क्षेत्र की वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा।

## नए नियम लागू करने में हांफ रहे ट्रस्ट

**नई दिल्ली@पत्रिका.** आयकर विभाग के नए टैक्स नियमों से चेरिटेबल ट्रस्टों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। नए नियमों के तहत धर्मार्थ संस्थाओं को टैक्स में छूट की सुविधा बनाए रखने के लिए सितंबर अंत तक सभी ट्रस्टियों के रिश्तेदारों की जानकारी, उनकी तरफ से ट्रस्ट में दिए गए पैसों के योगदान की जानकारी का रेकॉर्ड ऑनलाइन अपलोड करना जरूरी किया गया है। ट्रस्ट को अगर विदेश से चंदा मिला है तो उसका भी ऑनलाइन रेकॉर्ड देना होगा। ऐसा नहीं होने पर चेरिटेबल ट्रस्ट पर कार्रवाई हो सकती है। कम संशाधन वाले ट्रस्टों को इस तरह के आंकड़ों की ऑनलाइन जानकारी उपलब्ध कराने में परेशानी हो रही है।

सूचना (Refund Policy)
M/s DG MUDRA CONNECT PVT LTD Company के माध्यम से जो व्यक्ति MVC के ग्राहक बने थे तथा ग्राहक बनने के उपरान्त MVC मार्ट से PRODUCT Package खरीदे थे. वो ग्राहक कम्पनी के कार्यालय में आकर उनके द्वारा क्रय करने हेतु प्रथम बार दी गई शेष/मूल राशि में से कम्पनी के नियमानुसार (तारीख बढ़ा दी गई है) 30 Oct. 2023 तक Refund Policy के तहत कंपनी में apply कर सकते है। उपरोक्त सूचना कंपनी की ऑफिशल वेबसाइट पर भी प्रकाशित कर दी गई है।
आज्ञा से
Director, DG Mudra Connect Pvt. Ltd. Company

## जैकेट से जारी...

### समूची...

कंपनियां अपने ऐप्स और त्योहारी सेल के प्रचार में हिंदी का बढ़-चढ़कर प्रयोग करती हैं। ट्रेवल वेबसाइट्स ने टियर-2 और टियर-3 शहरों से हॉलीडे पैकेजेस की बढ़ती मांग का फायदा उठाने के लिए अपने प्लेटफॉर्म पर हिंदी का प्रयोग शुरू कर दिया है। देशभर के स्टार्टअप्स सोशल मीडिया इंफ्ल्यूएंसर्स के जरिए हिंदी में वीडियो बनाकर ग्राहकों तक पहुंच बना रहे हैं।

### उज्ज्वला...

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन (17 सितंबर) से यह अभियान दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े के रूप में चलाया जाएगा। इस दौरान 60,000 लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड आवंटित किए जाएंगे।

### अब...

इस तरह का कानून लाने वाला राजस्थान संभवतया पहला राज्य है। प्रदेश में वर्ष 2014 से लेकर अब तक 300 से अधिक बार शव रखकर प्रदर्शन किया गया, वहीं अब तक 3200 से अधिक लावारिस शव मिले।

### केंद्र...

कोटा. चम्बल रिवर फ्रंट के बाद दूसरे दिन बुधवार को शिक्षा नगरी को ऑक्सीजोन (सिटी पार्क) की सौगात मिली। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ऑक्सीजोन के शिलापट्ट का अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने की। लोकार्पण के बाद सीएम ने ट्वीट कर कहा कि सिटी पार्क अद्भुत 'आनंद का उपवन है।

## पेज एक का शेष...

### जारी...

इसीलिए संबंधित नगर निकाय को यह शक्तियां दी गई कि वे संबंधित व्यक्ति को कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद यदि इस बात से संतुष्ट है कि भूमि का आवंटन और पट्टा तथ्यों की गलत बयानी या झूठे दस्तावेजों के आधार पर जारी किया गया है तो उसे रद्द करने का आदेश पारित किया जा सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि पट्टे के निरसन या निरस्तीकरण के संबंध में निर्णय की समीक्षा उसी प्राधिकारी की ओर से शुरू करने की अनुमति दी जानी चाहिए, जिसने ऐसे पट्टे जारी किए हैं।

### मेघवाल...

बगावती सुर के कारणः अर्जुन राम मेघवाल का कद लगातार बढ़ रहा है। इस बीच शाहपुरा में जिला महामंत्री रोशन मेघवंशी की सक्रियता बढ़ी। इस वजह से कैलाश मेघवाल खफा हैं। यही वजह है कि उन्होंने कहा कि पार्टी ने अर्जुनराम मेघवाल को आगे करने के लिए मुझे उपेक्षित किया है। मैं हीरो से जीरो हो गया।

सियासी मायनेः - भाजपा के प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने की दावा कर चुके हैं। कयास है कि ज्यादा दिन तक भाजपा में नहीं रहेंगे। कांग्रेस का दामन थाम सकते हैं। क्योंकि पिछले दिनों सभा में सीएम अशोक गहलोत और विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी की तारीफ की थी।

-कांग्रेस में शामिल नहीं होते हैं और निर्दलीय चुनाव लड़ते हैं तो संभव है कि कांग्रेस बैकडोर से समर्थन दे। दोनों ही स्थिति में भाजपा प्रत्याशी को कुछ नुकसान संभव है। मेघवाल ने कहा कि पार्टी गुटों में बंटी हुई है। गुटबाजी करने वाले नेताओं में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ हैं। भाजपा नेतृत्व वसुंधरा राजे के समर्थकों को चुन-चुनकर बाहर कर रहा है। राजे क्यों चुप हैं और क्या निर्णय लेगी, वे ही जानें।

### संविधान...

सरकार की ओर से संसद को भेजे एजेंडे से संकेत मिल रहे हैं कि 18 सितंबर की चर्चा के बाद संसद को नए भवन में शिफ्ट किया जा सकता है। यह विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक चलने वाला है। सरकार ने संसद के विशेष सत्र से पहले 17 सितंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उसमें एजेंडे पर चर्चा हो सकती है।

### महात्मा गांधी...

यह शिविर महज एक दिन का था, जिसमें कुछ व्याख्यान आयोजित किए गए थे। भर्ती विज्ञप्ति न तो संवैधानिक सिद्धांतों के अनुकूल है और न ही यह किसी विधान के तहत जारी की गई है। याचिककर्ताओं को कई वर्षों तक प्रेरक के रूप में कार्य करने का अनुभव है, लेकिन उनके अनुभव की अनदेखी की गई है।

एकल पीठ ने कहा कि सरकार प्रक्रिया भले ही जारी रखे, लेकिन किसी व्यक्ति को प्रेरक के पद पर नियुक्ति नहीं दी जाए।

### ईडी...

ओपी विश्वकर्मा के एमआई रोड़ स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के लॉकर में 8 किलो का सोना मिला। इसकी कीमत 4 करोड़ 84 लाख रुपए बताई गई है। दूसरा लॉकर अमिताभ कौशिक का था। पंजाब नेशनल बैंक की शास्त्री नगर शाखा में स्थित लॉकर से 1 किलो 500 ग्राम सोने के बिस्किट मिले। इसकी कीमत एक करोड़ रुपए बताए गए हैं। इससे पहले ईडी ने 1 सितम्बर को अमिताभ के घर से करीब डेढ़ करोड़ रुपए और डेढ़ किलो सोना बरामद किया था। उल्लेखनीय है कि ईडी की दिल्ली और गुजरात से आई टीमों ने राजस्थान में तैनात अधिकारियों के साथ मिलकर जयपुर और अलवर में दस से ज्यादा स्थानों पर छापे मारे थे। इसमें योजना से जुड़े ठेकेदार, अधिकारी और बिचौलिए शामिल थे। इनमें एक ठेकेदार पिछले कई सालों से जलदाय विभाग में ठेका लेकर काम कर रहा है।

**नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**
(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर) (आयोजना प्रकोष्ठ)
क्रमांक:- एफ13 () उपा. आयोजना/जनि/2023/439 दिनांक: 13.09.23
**सार्वजनिक विज्ञप्ति**
विषय: राजस्थान नगर पालिका (भू-उपयोग परिवर्तन) नियम 2010 के नियम 4 (1) के अन्तर्गत आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित करने हेतु विज्ञप्ति।
नगर निगम, जयपुर में निम्न वर्णित भूखण्ड धारक ने कॉलम 4 में वर्णित मास्टर विकास योजना 2025 (जयपुर रीजन) में निर्धारित भू-उपयोग का कॉलम 5 में वर्णित भू-उपयोग हेतु आवेदन किया है। जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम, भूखण्ड संख्या, योजना का नाम | भूखण्ड का क्षेत्रफल व उपयोग | मास्टर प्लान 2025 के अनुसार भू-उपयोग | आवेदक द्वारा चाहा गया भू-उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | श्रीमती स्वाति बंसल पत्नी श्री मधुप बंसल, भू.सं. 111/390, मानसरोवर, जयपुर | 191.70 व.मी. (आवासीय) | मिश्रित | मिश्रित |

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त भू-उपयोग परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति/सुझाव हो तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से15 दिन की अवधि तक अपनी आपत्ति/सुझाव कारणों सहित नगर निगम ग्रेटर, जयपुर के आयोजना शाखा में प्रस्तुत कर सकते हैं।
बाबूलाल गोयल (IAS) आयुक्त, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**इंडियनऑयल**
CIN - L23201MH1959GOI011388
विपणन प्रभाग राजस्थान कार्यालय
शुद्धिपत्र -
राजस्थान में एनडीएनई (नॉन डोमेस्टिक नॉन एगर्जेंपटेड) एलपीजी रिटेलर की नियुक्ति हेतु सूचना
कृपया इस समाचार पत्र के दिनांक 14.08.2023 को विज्ञापित "राजस्थान में एनडीएनई (नॉन डोमेस्टिक नॉन एगजेंपटेड) एलपीजी रिटेलर की नियुक्ति हेतु सूचना" विज्ञापन का संदर्भ लें। सभी इच्छुक आवेदक कृपया ध्यान दें कि **इस विज्ञापन में आवेदन करने की अंतिम तिथि को 14.09.2023 से 29.09.2023 तक बढ़ा दिया गया है।**
दिनांक 14.08.2023 के मूल विज्ञापन में दर्शाए गए सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
G20



**राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर (RSOS)**
(राज्य सरकार का स्वयंपाठी शिक्षार्थियों का बोर्ड)
'एकलव्य भवन'
डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राज.) 302015
फोन : 0141-2717073, 2717082, 2717076, 2717074, 2717096, 2717055 फैक्स : 0141-2705067
Website: www.educationsector.rajasthan.gov.in/rsos, e-mail: rajasthansos@gmail.com

**-: प्रवेश प्रारम्भ :-**

शिक्षित राजस्थान सर्वोत्तम राजस्थान

सत्र 2023-24 के लिए राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर में कक्षा दसवीं बारहवीं में पंजीकरण कार्य सन्दर्भ केन्द्रों द्वारा स्ट्रीम-2 (दिनांक 15 जून 2023) एवं स्ट्रीम-1 (दिनांक 01 जुलाई 2023) ऑनलाइन प्रारम्भ हो चुका है।

ऑनलाइन फीस भुगतान

**स्ट्रीम-2 में प्रवेश/पंजीयन की तिथियाँ**
- 15 जून 2023 से 15 जुलाई 2023 तक (बिना विलम्ब शुल्क) सभी केन्द्रों पर,
- 16 जुलाई 2023 से 16 अगस्त 2023 तक (250 रु. विलम्ब शुल्क सहित) सभी सन्दर्भ केन्द्रों पर।

**स्ट्रीम-1 में प्रवेश/पंजीयन की तिथियाँ**
- 01 जुलाई 2023 से 31 अगस्त 2023 तक (बिना विलम्ब शुल्क) सभी सन्दर्भ केन्द्रों पर,
- 01 सितम्बर 2023 से 15 सितम्बर 2023 तक (250 रु. विलम्ब शुल्क सहित) सभी सन्दर्भ केन्द्रों पर,
- 16 सितम्बर 2023 से 30 सितम्बर 2023 तक (350 रु. विलम्ब शुल्क सहित) सभी सन्दर्भ केन्द्रों पर,
- 01 अक्टूबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक (500 रु. विलम्ब शुल्क सहित) सभी सन्दर्भ केन्द्रों पर।

**अर्हता/पात्रता**
कक्षा 10 के लिये प्रमाण पत्र तथा आयु - न्यूनतम 14 वर्ष
कक्षा 12 के लिये प्रमाण पत्र तथा आयु - न्यूनतम 15 वर्ष

पंजीयन शुल्क विवरण (स्ट्रीम-1 एवं स्ट्रीम-2) निम्नानुसार है:-

| क्र. सं. | शुल्क विवरण | माध्यमिक पाठ्यक्रम | उच्च माध्यमिक पाठ्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य वर्ग हेतु (प्रवेश शुल्क) | 1450 रु. | 1700 रु. |
| 2 | छूट वाले वर्ग हेतु (प्रवेश शुल्क) | 1225 रु. | 1475 रु. |
| 3 | अतिरिक्त विषय (प्रति विषय) | 280 रु. | 340 रु. |
| 4 | पुनः प्रवेश/आंशिक प्रवेश/आई.टी.आई. हेतु पंजीयन एवं परीक्षा शुल्क (प्रति विषय) | 530 रु. (250+280) | 590 रु. (250+340) |
| 5 | टी.ओ.सी शुल्क (प्रति विषय) | 100 रु. | 100 रु. |
| 6 | प्रायोगिक विषय शुल्क (प्रति विषय) | 120 रु. | 120 रु. |
| 7 | अग्रेषण शुल्क | 50 रु. | 50 रु. |
| 8 | आवेदन-पत्र ऑन लाइन करवाने हेतु शुल्क (सन्दर्भ केन्द्र द्वारा भरने पर ही) | 30 रु. | 30 रु. |

- राज्य के 568 सन्दर्भ केन्द्रों के माध्यम से पंजीयन जिन्हें बढाया जा रहा है।
- केन्द्र व राज्य बोर्डो से मान्यता तथा अन्य बोर्डो से परीक्षा शुल्क कम।
- पंजीयन पश्चात् परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिये 5 वर्ष में 9 अवसर।
- कक्षा 12वीं के लिये 10वीं उत्तीर्ण तथा आयु न्यूनतम 15 वर्ष टी.ओ.सी. (ट्रांसफर ऑफ क्रेडिट) मान्यता प्राप्त अन्य बोर्डो के उत्तीर्ण दो विषयों एवं आर.एस.ओ.एस. के उत्तीर्ण चार विषयों के अंको का स्थानान्तरण करवाने का लाभ।
- सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के लिए राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर मीरा/एकलव्य पुरस्कार राशि मय प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाते है।
- अभ्यर्थियों के अध्ययन में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु विषय विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में 15 दिवसीय व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रम (पी.सी.पी) का आयोजन किया जाता है जिसे अब वर्चुअल माध्यम से किया जा रहा है।
- निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, विकलांगों, भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को प्रवेश शुल्क में 225 रु. की छूट दी जाती है, जिसके लिए प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
जेल सहवासी (Jail Inmates) अभ्यर्थियों के लिए समस्त शुल्क माफ है।
इन्दिरा महिला शक्ति प्रशिक्षण व कौशल संवर्द्धन योजना -'शिक्षा सेतु' के अन्तर्गत सत्र 2023-24 में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक पाठ्यक्रम में नवीन प्रवेश लेने वाली समस्त महिलाओं/बालिकाओं के शुल्क का पुनर्भरण निदेशालय महिला अधिकारिता द्वारा किया जायेगा।( अतिरिक्त विषय शुल्क, टी.ओ.सी. शुल्क, आवेदन-पत्र ऑन लाइन करने का शुल्क 30 रू. महिलाओं/बालिकाओं से लिया जायेगा।) अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त कोई शुल्क अदा न करें।

निदेशक
राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल
जयपुर

राज.संवाद/सी/23/9197

कोई एजेन्ट नहीं | न्यूनतम शुल्क | निः शुल्क पाठ्यपुस्तके | पी.सी.पी. / वर्चुअल माध्यम से शिक्षण